# BSTC/D.EL.Ed.


## भर्ती परीक्षा, 2019 (हल प्रश्न पत्र)


आयोजन
**26 मई, 2019**

### भाग-अ ( मानसिक योग्यता )

1. 60 विद्यार्थियों की कक्षा में जहाँ लड़के लड़कियों की तुलना में दोगुना हैं, वहाँ अनिता शीर्ष से 17वें स्थान पर आई। यदि कक्षा में अनिता से आगे 9 लड़के हैं, तब उससे पीछे स्थान प्राप्त लड़कियों की संख्या क्या है?
(A) 26 (B) 12 (C) 10 (D) 33 (B)
**व्याख्या**- कक्षा में कुल विद्यार्थी = 60
लड़कियों की तुलना में लड़के दोगुना हैं। अत: लड़कियों की संख्या = 20
एवं लड़कों की = 40
अनिता का स्थान = 17वाँ
**अनिता से आगे लड़के = 9**
अनिता का लड़कियों में ऊपर से स्थान = 8वाँ
अत: अनिता से पीछे लड़कियों की संख्या = 20 − 8 = 12


2. निम्नलिखित शृंखला में (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
ACE, FGH, ?, PON
(A) KKK (B) JKI (C) HJH (D) IKL (A)
**व्याख्या**-




अत:



3. जैसे 'बीमारी' 'विकृति विज्ञान' (Pathology) से संबंधित है, उसी प्रकार 'ग्रह' संबंधित हैं-
(A) ज्योतिष (B) उपग्रह
(C) खगोल शास्त्र (D) ग्रहपथ (C)
**व्याख्या**- जिस प्रकार बीमारी (रोग) का निदान (diagnosis) का अध्ययन Pathology में करते हैं उसी प्रकार ग्रहों (Planets) का अध्ययन खगोलशास्त्र (Astronomy) के तहत् करते हैं।

4. दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न के स्थान पर क्या आना चाहिए?
3, 8, 6, 14, ?, 20
(A) 11 (B) 10 (C) 8 (D) 9 (D)

**व्याख्या**-



5. जिन्होंने एक परीक्षा उत्तीर्ण की, उनमें संदीप शीर्ष से 16वें तथा नीचे से 29वें स्थान पर रहा। 6 लड़कों ने प्रतियोगिता में भागीदारी नहीं की और 5 परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे। उस कक्षा में कितने छात्र थे?
(A) 44 (B) 40 (C) 50 (D) 55 (D)
**व्याख्या**- उत्तीर्ण छात्रों की संख्या = 16+29−1 = 44
परीक्षा में भागीदारी नहीं लेने वाले छात्र = 6
बैठने वाले अनुत्तीर्ण छात्र = 5
**कुल छात्र 55**

6. यदि P '+' को बतलाता है, Q '−' को, R '×' को और S '÷' को, तब इनमें से कौन सा विकल्प सही है?
(A) 16 R 12 P 49 S 7 Q 9 = 200
(B) 32 S 8 R 9 = 160 Q 12 R 12
(C) 8 R 8 P 8 S 8 Q 8 = 57
(D) 36 R 4 S 8 Q 7 P 4 = 10 (C)
**व्याख्या**-
(1) $16\times12+49\div7-9 = 192+7-9=190\neq200$
(2) $32\div8\times9=160-12\times12 = 4\times9=160-144=36\neq16$
(3) $8\times8+8\div8-8 = 64+1-8=57$
अत: विकल्प (C) सही है।

7. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन है जिसके दो निष्कर्ष हैं। मान लिया जाए कि दिया गया कथन सत्य है, तब कौन सी कल्पना या कल्पनाएँ सत्य हैं-
**कथन**- सभी आम सुनहरे रंग के हैं। कोई भी सुनहरे रंग की वस्तु सस्ती नहीं होती।
**निष्कर्ष**-
I. सभी आम सस्ते होते हैं। II. सुनहरे रंग के आम सस्ते नहीं होते।
(A) केवल निष्कर्ष I उचित है। (B) केवल निष्कर्ष II उचित है।
(C) या I अथवा II उचित है। (D) न I ना II ही उचित है। (A)
**व्याख्या**- प्रश्नानुसार सुनहरे रंग की कोई भी वस्तु सस्ती नहीं होती। अत: सुनहरे रंग के आम भी सस्ते नहीं होंगे।

8. नीचे दिए गए शब्दों को अर्थपूर्ण अनुक्रम में सजाएँ-
I. गरीबी II. आबादी
III. मृत्यु IV. बेरोजगारी V. रोग
(A) II, IV, I, V, III (B) III, I, IV, V, II
(C) I, II, IV, III, V (D) V, IV, III, II, I (A)
**व्याख्या**- सही क्रम है-
आबादी → बेरोजगारी → गरीबी → रोग → मृत्यु। क्योंकि अधिक आबादी से बेरोजगारी बढ़ती है जो गरीबी लाती है। उससे रोग बढ़ते हैं एवं उनसे मृत्यु हो जाती है।

9. निम्न अनुक्रम को सावधानीपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें: नीचे दिए गए अनुक्रम में से कौन सा M और 2 के एकदम मध्य में अवस्थित है?
K 5 R T # D N % A 3 M E 9 $ B U W 4 F 1 J H 2 P 8 & Y @ Q Z
(A) U (B) 4
(C) W (D) उक्त कोई नहीं (C)

**व्याख्या**- K 5 R T # D N % A 3 M E 9 $ B U [W] 4 F I J H 2 P 8 & Y @ Q Z

M एवं 2 के बीच कुल 11 अंक/अक्षर हैं। अत: बिल्कुल बीच का [W] है।

10. नीचे दिए गए शब्दों को अर्थपूर्ण अनुक्रम में सजाएँ-

I. प्रस्तुति II. सिफारिश
III. आगमन IV. चर्चा V. परिचय

(A) III, I, II, IV, V (B) III, I, IV, V, II
(C) III, V, I, IV, II (D) II, IV, V, I, III **(C)**


**व्याख्या**- सही क्रम होगा-
आगमन → परिचय → प्रस्तुति → चर्चा → सिफारिश।

11. किसी एक को चुनिए जो अन्य से भिन्न हो-

(A) टोपी (B) हेलमेट (C) पगड़ी (D) आवरण **(D)**

**व्याख्या**- टोपी, हेलमेट एवं पगड़ी सिर को ढँकने के आवरण हैं जबकि आवरण कहीं का भी हो सकता है।

12. जहाँ प्रश्न चिह्न है, वहाँ का लापता अंक दिए हुए विकल्प से खोजिए-




(A) 20 (B) 23 (C) 25 (D) 27 **(D)**

**व्याख्या**- प्रथम चित्र में- $6\times2=12$
$8\times2=16$
द्वितीय चित्र में- $6\times2.5=15$
$10\times2.5=25$
तीसरे चित्र में- $6\times3=18$
अत: $9\times3=\boxed{27}$

13. वह शब्द ढूँढ़िए जो 'CHEMOTHERAPY' शब्द के अक्षरों के प्रयोग से नहीं बन सकता?

(A) HECTARE (B) MOTHER
(C) TEACHER (D) FATHER **(D)**

**व्याख्या**- CHEMOTHERAPY में 'F' अक्षर नहीं है। अत: इसके अक्षरों से FATHER नहीं बनेगा।

14. यदि 'BUREAUCRATIC' शब्द के प्रथम एवं सप्तम अक्षरों का अदला-बदली कर दिया जाय, साथ ही दूसरा एवं आठवाँ भी, एवं इसी प्रकार आगे तब बाएँ से पाँचवाँ अक्षर कौन सा होगा?

(A) T (B) I (C) B (D) C **(B)**

**व्याख्या**-

| B | U | R | E | A | U | C | R | A | T | I | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |

प्रश्नानुसार बदलने पर-

C R A T [I] C B U R E A U
1 2 3 4 5
बाएँ से 5वाँ

15. यदि A = 4, K = 3, N = 2, P = 1 तब किस जोड़ी के अक्षर का योग सर्वाधिक संख्या दिखलाएगा?

(A) KANPK (B) NPAKN
(C) PKANA (D) NAKNA **(D)**

**व्याख्या**-
KANPK = 3 + 4 + 2 + 1 + 3 = 13
NPAKN = 2 + 1 + 4 + 3 + 2 = 12
PKANA = 1 + 3 + 4 + 2 + 4 = 14
[NAKNA] = 2 + 4 + 3 + 2 + 4 = [15]

16. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन है जिसके दो निष्कर्ष हैं। मान लिया जाए कि दिया गया कथन सत्य है, तब कौन सी कल्पना या कल्पनाएँ सत्य हैं?

**कथन**- यदि अभियंता बनना सरल है, तब मैं अभियंता बनना नहीं चाहता हूँ।

**कल्पना**-
I. एक व्यक्ति पेशेवर बनने की आकांक्षा रखता है।
II. एक व्यक्ति उस वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा रखता है जो कठिनाई से प्राप्त हो।


(A) केवल कल्पना I विश्वसनीय है।
(B) केवल कल्पना II विश्वसनीय है।
(C) या I अथवा II विश्वसनीय
(D) न I ना II ही विश्वसनीय है। **(B)**

**व्याख्या**- प्रश्न में दिये गये कथन के अनुसार व्यक्ति जो काम सरल है उसे करना नहीं चाहता। अत: कल्पना II सही है।

17. एक व्यक्ति ने एक महिला से कहा- "आपके एकमात्र भाई का लड़का मेरी पत्नी का भाई है।" उस व्यक्ति की महिला क्या लगती है?

(A) माता (B) बहन (C) ससुर की बहन (D) दादी **(C)**

**व्याख्या**-




18. यदि '+' विभाजन के लिए है, '×' योग के लिए है, '−' गुणा के लिए है और '÷' घटाव के लिए, तब निम्न में कौन-सा समीकरण सही है?

(A) $36\times6+7\div2-6=20$ (B) $36+6-3\times5\div3=24$
(C) $36+6\div3\times5-3=45$ (D) $36-6+3\times5\div3=74$ **(D)**

**व्याख्या**-
(A) $36\times6+7\div2-6=20$ में सही चिह्न रखने पर
$36+6\div7-2\times6$ या $36-12+\frac{6}{7}$, $24+\frac{6}{7}\neq20$
(B) $36+6-3\times5\div3=24$ में चिह्न रखने पर
$36\div6\times3+5-3$ या $6\times3+2=20\neq24$
(C) $36+6\div3\times5-3=45$ में चिह्न रखने पर
$36\div6-3+5\times3$ या $6-3+15=18\neq45$
(D) $36-6+3\times5\div3=74$ में चिह्न रखने पर
$36\times6\div3+5-3$ या $36\times2+2=74$
अत: विकल्प (D) सही है।

19. एक अनन्नास का मूल्य 7 रुपये और एक तरबूज का 5 रुपये है। X इन फलों पर 38 रुपये खर्च करता है। खरीदे गए अनन्नासों की संख्या है-

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) आँकड़े अधूरे हैं **(C)**

**व्याख्या**- 1 अन्ननास व 1 तरबूज का कुल व्यय = 7 + 5 = 12
अत: कम से कम 3 अन्ननास एवं 3 तरबूज खरीदे जा सकते हैं। अत: 3 अन्ननास +3 तरबूज = 36
4 अन्ननास + 2 तरबूज = 38
अत: 4 अन्ननास खरीदेगा।

20. इन अक्षरों को सजाकर एक शब्द बनाएँ और वह जो है, उसे चुनें- NGDEALN
(A) राज्य (B) देश (C) नदी (D) महासागर (B)
**व्याख्या**- N D G E A L N का सही शब्द बनेगा E N G L A N D जो कि एक देश है।

21. निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनिए।
ab _ caa _ c _ a _ bc _ a
(A) a c a b c (B) c b c a c
(C) b c c a b (D) c a c a b (B)
**व्याख्या**- a b _ c a a _ c _ a _ bc _ a में कुल 15 अक्षर हैं जिनके 5-5 के निम्न तीन पद बनेंगे।
a b [c] c A a [b] c [c] a [a] b c [c] A
अत: सही उत्तर cbcac

22. सतीश, किशोर, मोहन, अनिल और राजेश- ये पाँच मित्र हैं। मोहन सबसे लम्बा है। सतीश किशोर से नाटा है पर राजेश से लम्बा। अनिल किशोर से थोड़ा नाटा है परन्तु सतीश से तनिक लम्बा है। कौन राजेश से लम्बा है परन्तु अनिल से नाटा?
(A) अनिल (B) किशोर (C) राजेश (D) सतीश (D)
**व्याख्या**- Mohan > Kishore > Satish > Rajesh
Kishore > Anil > Satish
अत: Mohan > Kishore > Anil > [Satish] > Rajesh
सतीश, राजेश से तो लंबा है परन्तु अनिल से छोटा।

**निर्देश ( 23-24 ):** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में चार शब्द दिये गये हैं, जिनमें से एक शब्द अन्य सभी शब्दों से किसी प्रकार से भिन्न है, उस भिन्न शब्द को चुनिए।

23. (A) नई दिल्ली (B) पेरिस (C) लन्दन (D) मुम्बई (D)
**व्याख्या**- शेष तीनों देशों की राजधानियाँ हैं जबकि मुंबई देश की नहीं महाराष्ट्र राज्य की राजधानी है।

24. (A) सड़क (B) मकान (C) आवास (D) निवास (A)
**व्याख्या**- मकान, आवास, निवास सभी घर के पर्यायवाची हैं। सड़क अलग है।

25. यदि एक माह शुक्रवार को प्रारंभ एवं समाप्त होता है, तो उस महीने में कितने दिन होंगे?
(A) 31 (B) 30 (C) 29 (D) 28 (C)
**व्याख्या**- शुक्रवार के प्रारंभ एवं समाप्त होने पर 4 सप्ताह एवं 1 दिन = 29 दिन होंगे।

26. कलाकार : चित्र :: सीनेटर : ?
(A) अटॉर्नी (B) कानून (C) राजनीतिज्ञ (D) निर्वाचक (B)
**व्याख्या**- जिस प्रकार एक कलाकार चित्र बनाता है, उसी प्रकार सीनेटर (सीनेट के सदस्य) कानून निर्माण करते हैं।

27. निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनिए।
bca _ b _ aa _ ca _ bc _ a
(A) b a a b c (B) a b a a c
(C) a c b a a (D) b c a b a (C)
**व्याख्या**- इसमें कुल 16 अक्षर हैं जिनमे 4-4 के निम्न समूह बनेंगे-
b c a [a] b [c] a a [b] c a [a] b c [a] a
अत: सही उत्तर a c b a a

28. यदि कल के बाद का दिन बृहस्पतिवार है, तो आज से 133 दिनों के बाद कौन सा दिन होगा?
(A) बुधवार (B) मंगलवार (C) सोमवार (D) रविवार (B)
**व्याख्या**-
आज → कल → बाद का दिन
मंगलवार बुधवार बृहस्पतिवार
मंगलवार + 133 दिन
133 ÷ 7 = 19 सप्ताह, शेष 0 अत: मंगलवार + 0 = मंगलवार होगा।

29. यदि किसी सांकेतिक भाषा में SUBHAM को TVCIBN लिखा जाता है तो SATYAM को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(A) TBUZBM (B) TBVZBN
(C) TBUBZN (D) TBUZBN (D)
**व्याख्या**-
S U B H A M
+1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓
T V C I B N
S A T Y A M
अत: +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓
T B U Z B N

30. यदि TEACHER को VGCEJGT लिखा जाता है तो CHILDREN को क्या लिखा जायेगा?
(A) EJAMBTFP (B) AEGJBPCT
(C) EJKNFTGP (D) EJKNETGP (C)
**व्याख्या**-
T E A C H E R
+2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓
V G C E J G T
C H I L D R E N
अत: +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓ +2↓
E J K N F T G P

31. यदि CLOUD का कूट संकेत 59432 हो और RAIN का 1678 तो AROUND का कूट संकेत क्या होगा?
(A) 614832 (B) 614382 (C) 641382 (D) 461382 (B)
**व्याख्या**-
C L O U D एवं R A I N
5 9 4 3 2 1 6 7 8
अत: A R O U N D
6 1 4 3 8 2

32. किसी खास कोड में POST को 5927 और STORM को 27913 लिखते हैं तो इस कोड में MOTORS को कैसे लिखा जायेगा-
(A) 392953 (B) 397912
(C) 379152 (D) 391752 (B)
**व्याख्या**- POST → 5927, STORM → 27913
अत: M O T O R S
3 9 7 9 1 2

33. यदि 'पानी' को 'आग' कहें 'आग' को 'हवा' कहें, हवा को 'बादल' कहें 'बादल' को 'आकाश' कहें तथा 'आकाश' को 'जमीन' कहें, तो सूर्य कहाँ उगता है?

(A) पानी (B) आग (C) जमीन (D) बादल (C)

**व्याख्या-**


| | | |
|---|---|---|
| Water | → | Fire |
| Fire | → | Air |
| Air | → | Cloud |
| Cloud | → | Sky |
| Sky | → | Land |

चूँकि आकाश को जमीन (Land) कहा गया है। चूंकि सूर्य आकाश में उगता है। अत: वह जमीन (Land) में उगेगा।

34. कमला का परिचय देते हुए महेश ने कहा, "उसके पिताजी मेरे पिताजी के इकलौते पुत्र हैं।" बताइये कि 'महेश' कमला से किस प्रकार से संबंधित है?

(A) भाई (B) पिता (C) चाचा (D) पुत्र (B)

**व्याख्या-**





महेश के पिताजी का इकलौता पुत्र स्वयं महेश होगा तथा कमला उसकी पुत्री।

35. सुरेश की ओर संकेत करते हुए मीना कहती है, कि 'वह मेरे दादा के इकलौते पुत्र का पुत्र है, सुरेश मीना से किस प्रकार संबंधित है?'

(A) भाई (B) कजन

(C) चाचा (D) आँकड़े अधूरे हैं (A)

**व्याख्या-**





चूँकि सुरेश मीना के दादाजी के इकलौते पुत्र अर्थात् उसके पिता का पुत्र है। अत: वह मीना का भाई हुआ।

36. गीता उत्तर की ओर 6 किमी. चलती है, तब वह वहाँ से बाएं मुड़कर 8 किमी. चलती है, फिर अंत में वह वहाँ से बाएं मुड़कर 6 किमी. जाती है। बताइये कि प्रारंभिक स्थान से वह अब कितनी दूरी पर है?

(A) 6 किमी. (B) 8 किमी.

(C) 10 किमी. (D) 14 किमी. (B)

**व्याख्या-**




वह प्रारम्भिक स्थान से 8 किमी. पश्चिम में है।

37. यदि 1 जनवरी, 2004 को वृहस्पतिवार था, तो 3 अप्रैल, 2004 को कौन सा दिन था?

(A) वृहस्पतिवार (B) शुक्रवार

(C) शनिवार (D) रविवार (C)

**व्याख्या-** 1 जनवरी 2004 = बृहस्पतिवार

तो 3 अप्रैल 2004 का दिन

जनवरी के शेष दिन 30 + फरवरी के दिन 29+

मार्च के दिन 31 + अप्रैल के 3 दिन = 93 दिन

$93 \div 7 = 13$ शेष 2 दिन

अत: 3 अप्रैल का दिन = बृहस्पतिवार + 2 = शनिवार

38. घड़ी में कितने बजे घंटे की सुई और मिनट की सुई के बीच $180^0$ का कोण होगा?

(A) 6:00 (B) 9:15

(C) 12:30 (D) इनमें से सभी (A)

**व्याख्या-** दिये गये विकल्पों में से घंटे एवं मिनट की सूई के बीच $180^0$ का कोण 6 बजे बनता है। हर घंटे में घड़ी की घंटे एवं मिनट की सूई के बीच $180^0$ का कोण बनता है परंतु 5 से 7 बजे के बीच केवल 1 बार ही $180^0$ का कोण बनता है। अत: 12 घंटे में 11 बार $180^0$ के कोण बनते हैं।

39. निम्नलिखित शृंखला में ऐसे कितने '7' हैं, जिनके ठीक पहले 6 है परन्तु ठीक बाद में 5 नहीं है?

7 5 2 7 6 5 3 6 7 4 3 4 7 8 5 3 7 6 7 2 5 0 6 7 5 3

(A) 5 (B) 4 (C) 3 (D) 2 (D)

**व्याख्या-** ऐसे 7 जिनके पहले 6 है परन्तु बाद में 5 नहीं उन्हें आयत में किया गया है।

75 276 536 [7]43 478 537 6[7]2 506 753

ऐसे सात दो बार हैं।

40. R लम्बा है T और S से परन्तु P से छोटा है। Q लम्बा है S और R से लेकिन P से छोटा है। यदि सभी पाँचों को उनकी ऊँचाई के अनुसार क्रम में रखा जाता है, तो कौन प्रारंभ से तीसरे स्थान पर है?

(A) R (B) P (C) Q (D) S (A)

**व्याख्या-**

$P > R > T \& S,\ P > Q < S/R$

$P > Q > R > S > T$

प्रारंभ से तीसरे स्थान पर R है।

41. पूजा की उम्र दस वर्ष है। दो वर्षों से वह अपने माता-पिता से एक कुत्ते की मांग कर रही है। उसके माता-पिता कहते हैं कि उनका यह मानना है कि एक कुत्ता घर (फ्लैट) में खुश नहीं रहेगा, लेकिन उन्होंने उसे दो पक्षियों को लाने की अनुमति दे दी है। पूजा ने अभी निश्चित नहीं किया है कि वह किस प्रकार के पक्षियों को लेना चाहेगी।

(A) पूजा के माता पिता कुत्ते से अधिक पक्षियों को पसंद करते हैं।

(B) पूजा पक्षियों को पसंद नहीं करती।

(C) पूजा और उसके माता पिता एक फ्लैट में रहते हैं।

(D) पूजा और उसके माता पिता स्थानांतरित होना चाहेंगे। (C)

42. **कथन:** (i) कुछ सैनिक कमांडो हैं।

(ii) कुछ कमांडों बहादुर हैं।

**निष्कर्ष:**

(A) सभी सैनिक बहादुर हैं। (B) सभी कमांडो सैनिक हैं।

(C) सभी बहादुर कमांडो हैं। (D) कुछ बहादुर सैनिक हैं। (D)

43. निम्नलिखित संख्याओं के समूह में से कौनसा संख्या समूह दर्पण में अपने वास्तविक स्वरूप जैसा ही दिखेगा?

(A) 695807 (B) 110110

(C) 101101 (D) 880808 (C)

44. यदि किसी घड़ी में 8 बजकर 20 मिनट हुए हो तो घंटे एवं मिनट की सुई के बीच कितने डिग्री का कोण बनेगा?

(A) $120^0$ (B) $125^0$ (C) $130^0$ (D) $135^0$ (C)

**व्याख्या-** 8.20 पर बना कोण

= {मिनट - (बजे × 5)} × 6 - मिनट/2

= {20 - (8 × 5)} × 6 - 20/2

= {20-40} × 6 - 10

= (-20) × 6 - 10

$\Rightarrow -120-10=-130^0 \Rightarrow 130^0$

अत: $130^0$ का कोण बनेगी।

45. एक टोकरी में फूल प्रत्येक 1 मिनट में दुगुने हो जाते हैं। 60वें मिनट में टोकरी भर जाती है। बिल्कुल कितने मिनट बाद वह एक-सोलहवाँ हिस्सा भरी थी।

(A) 56 मिनट (B) 54 मिनट

(C) 30 मिनट (D) 25 मिनट (A)

**व्याख्या-** 60वें मिनट में टोकरी पूरी भर गई।

59वें मिनट में टोकरी आधी भर गई।

58वें मिनट में टोकरी 1/4 भरी।

57वें मिनट में टोकरी 1/8 भरी।

56वें मिनट में 1/16 भरी।

46. एक बस आगरा से रवाना होती है, जिसमें आदमियों की संख्या औरतों की संख्या से दोगुनी है। अगले शहर मथुरा में 20 आदमी उतर जाते हैं, और 10 औरतें चढ़ती हैं। अब आदमी और औरतों की संख्या बराबर है। शुरू में कितने यात्री बस में चढ़े थे?

(A) 90 (B) 45 (C) 60 (D) 120 (A)

**व्याख्या-** माना आदमी 2x एवं औरतें = x चढ़ी।

आगरा में 20 आदमी उतर गये तथा 10 औरतें चढ़ी।

अत: $(2x-20)=(x+10)$


$\Rightarrow \quad 2x-x=10+20$

$x=30$


अत: प्रारंभ में बस में 30 औरतें एवं $2x=2\times30=60$ आदमी


कुल 90 यात्री चढ़े थे।

47. उत्तर आकृतियों में उस उपयुक्त आकृति का चयन करें जो प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?



उत्तर आकृति-

(A)  (B) 

(C)  (D)  (D)

48. वह कौन सा सही विकल्प है, जो प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 30 | 120 |
| 7 | 56 | 336 |
| 9 | 90 | ? |

(A) 841 (B) 720 (C) 752 (D) 728 (B)

**व्याख्या-** $5\times6=30\times4=120$

$7\times8=56\times6=336$

अत: $9\times10=90\times8=\boxed{720}$

49. **निर्देश-** चार आकृतियों के समूह में तीन आकृतियाँ लगभग समान हैं पर एक अलग है, उसे बताइये-

(A) ¥ (B) #

(C) $ (D) ₹ (B)

**व्याख्या-** शेष तीनों किसी न किसी देश की वैधानिक मुद्रा का प्रतीक है। जैसे- ¥ चीन की मुद्रा schminbi का प्रतीक है। $ अमेरिका की मुद्रा डॉलर का तथा ₹ भारतीय मुद्रा रुपये का प्रतीक है जबकि # यह एक चिह्न है।

50. **निर्देश-** चार आकृतियों के समूह में तीन आकृतियाँ लगभग समान हैं पर एक अलग है, उसे बताइये-

(A)  (B) 

(C)  (D)  (C)

**व्याख्या-** शेष तीनों आकृतियों में मध्य की रेखा के ऊपर व नीचे समान आकृतियाँ हैं जबकि विकल्प (C) में रेखा (-) के ऊपर अलग आकृति है तथा नीचे अलग।

## भाग-ब (राजस्थान की सामान्य जानकारी)

51. चरी लोक नृत्य किस सम्प्रदाय से संबंधित है?

(A) भील (B) गुर्जर (C) अहीर (D) मीणा (B)

52. कौन सा लोक गीत ऊँट की एक सजावटी तार को तैयार करने के एक अबोध सौंदर्य का वर्णन करता है?

(A) गोरबंद (B) जालो (C) इन्धानी (D) कव्वाली (A)

53. बीकानेर में कौन सा मेला लगता है?

(A) कैला देवी (B) रामदेवरा

(C) चन्द्रभागा (D) कोलायत (D)

54. माउण्ट आबू के करीब कौन सी नदी बहती है?

(A) लूनी (B) घग्गर (C) पश्चिम बनास (D) सरस्वती (C)

55. जोधपुर के किस नृत्य रूप को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है?

(A) घूमर (B) कालबेलिया

(C) कच्छीघोड़ी (D) कठपुतली (A)

56. राजसमन्द में कौन-सा किला स्थित है?

(A) जूनागढ़ किला (B) खण्डहर किला

(C) कुम्भलगढ़ किला (D) तारागढ़ किला (C)

57. जूना महल कहाँ स्थित है?

(A) जैसलमेर (B) डूंगरपुर

(C) बाँसवाड़ा (D) अलवर (B)

58. जोधपुर के घरों में प्राय: कौन से रंग के घर दिखते हैं?
(A) गुलाबी (B) सफेद (C) पीला (D) नीला (D)

59. थार एक्सप्रेस/थार लिंक एक्सप्रेस, एक अंतर्राष्ट्रीय रेलवे जो जोधपुर को कराची (पाकिस्तान) से जोड़ता है का भारतीय सीमा में कौन-सा रेलवे स्टेशन है?
(A) खोखरापार (B) मुनाबाव
(C) बालोतरा (D) बाड़मेर (B)

60. कौन सा शहर मसूरिया मलमल नामक महीन मलमल के लिए प्रसिद्ध है?
(A) जयपुर (B) अजमेर (C) जैसलमेर (D) कोटा (D)

61. भारतीय राज्यों में राजस्थान किसका सबसे बड़ा उत्पादक है?
(A) चावल (B) सुपारी (C) मिर्ची (D) ग्वार (D)

62. जस्ता की खान कहाँ पाई जाती है?
(A) जावर (B) साम्भर
(C) खेतड़ी (D) भीलवाड़ा (A)

63. राजस्थान उच्च न्यायालय में स्वीकृत न्यायाधीशों की संख्या क्या है?
(A) 34 (B) 46 (C) 50 (D) 54 (C)

64. अलवर जिले में कौन सा राष्ट्रीय उद्यान है?
(A) सरिस्का अभयारण्य (B) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
(C) डेजर्ट राष्ट्रीय उद्यान (D) ताल छापर अभयारण्य (A)

65. मेहरानगढ़ किले का संस्थापक कौन था?
(A) राणा रायमल (B) राव जोधा
(C) राणा सांगा (D) बिहारी मल (B)

66. 2018 के हालिया सर्वेक्षण में कौन से दो रेलवे स्टेशनों को भारत के स्वच्छतम स्टेशनों में A1 और A श्रेणी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ?
(A) जोधपुर और फुलेरा (B) जयपुर और उदयपुर
(C) जयपुर और जैसलमेर (D) जोधपुर और मारवाड़ (D)

67. कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग राजस्थान में सबसे लम्बी दूर तय करता है?
(A) NH62 (B) NH48 (C) NH27 (D) NH11 (A)

68. कौन सा राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर से नई दिल्ली को जोड़ता है?
(A) NH62 (B) NH48 (C) NH27 (D) NH11 (B)

69. सीता माता वन्यजीव अभयारण्य में पर्यटकों की एक रुचि का स्थान **लखिया भाटा** है। उसके आकर्षण का कारण क्या है?
(A) वाल्मीकि मुनि का आश्रम (B) एशियाई शेर की पुन: स्थापना
(C) प्रागैतिहासिक पत्थर पर नक्काशी (D) विशाल उड़न गिलहरी (C)

70. राजस्थान का सबसे छोटा जिला है-
(A) धौलपुर (B) दौसा (C) प्रतापगढ़ (D) टोंक (A)

71. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान का सबसे कम आबादी वाला जिला कौन-सा है?
(A) बूंदी (B) सिरोही (C) प्रतापगढ़ (D) जैसलमेर (D)

72. किस वर्ष राजस्थान नहर को इंदिरा गाँधी नहर के रूप में पुन: नामकरण किया गया?
(A) 1978 (B) 1980 (C) 1982 (D) 1984 (D)

73. निम्नलिखित में से किस वृक्ष प्रजाति का प्रयोग उर्वर क्षेत्रों को बंजर होने से रोकने एवं आगे बंजर होने की रोकथाम के प्रयोजनों से नहीं किया जाता है?
(A) नीलगिरी (B) नीम
(C) गुलमोहर (D) सफेद शहतूत (C)

74. काबीना मंत्री श्री प्रमोद भाया के अधीन कौन सा विभाग है?
(A) कृषि एवं पशुपालन (B) परिवहन एवं सैनिक कल्याण
(C) खनन एवं गोपालन (D) उद्योग एवं राज्य उद्यम (C)

75. उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्यालय जयपुर में कितने मंडल हैं?
(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4 (D)

76. राजस्थान के माननीय मुख्य सचिव कौन हैं?
(A) श्री देवेन्द्र भूषण गुप्ता (B) श्री निहाल चन्द गोयल
(C) श्री ओम प्रकाश मीणा (D) श्री सी.पी. जोशी (A)

77. राजस्थान की विधानसभा में वर्तमान विधानसभा का कौन सा क्रमांक (क्रमवाचक) आता है?
(A) 12वीं (B) 13वीं (C) 14वीं (D) 15वीं (D)

**व्याख्या**- राज्य की 15वीं विधानसभा के चुनाव दिसम्बर, 2018 में हुए जिसमें कांग्रेस ने अशोक गहलोत के नेतृत्व में सरकार बनाई।

78. राजपूताना में कौन सा एकमात्र गैर-राजपूत गढ़ है, जो शक्तिशाली किलों में से एक है तथा जिसने बार-बार हुए हमलों को झेला है?
(A) हिण्डौन किला (B) लोहागढ़ किला
(C) आमेर किला (D) लक्ष्मणगढ़ किला (B)

**व्याख्या**- भरतपुर के किले को लोहागढ़ दुर्ग कहते हैं। यहाँ जाट वंश का शासन था।

79. दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने किस वर्ष चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया था?
(A) 1296 (B) 1303 (C) 1428 (D) 1526 (B)

80. राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा कितनी लम्बी है?
(A) 900-1000 किमी. (B) 1000-1100 किमी.
(C) 1100-1200 किमी. (D) 1200 किमी. से अधिक (B)

**व्याख्या**- इस सीमा की वास्तविक लम्बाई 1070 किमी. है जो पाकिस्तान से लगती है। इसे रेडक्लिफ रेखा भी कहते हैं।

81. अलगोजा किस तरह का वाद्ययंत्र है?
(A) तबला (B) काष्ठवाद्य
(C) तार (D) इनमें से कोई नहीं (B)

82. ऐतिहासिक दृष्टि से राजस्थान की कौन सी जनजाति योद्धा और प्रवीण धनुर्धर थी?
(A) धानका (B) भील (C) गरासिया (D) भागलिया (B)

83. जयपुर के जंतर-मंतर में कितने खगोलीय उपकरण हैं?
(A) 12 (B) 16 (C) 19 (D) 24 (C)

84. राजस्थान में कितने कृषि विश्वविद्यालय हैं?
(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 5 (D)

85. राजस्थान में जैतून के तेल की खेती के लिए तकनीकी रूप से संभव और व्यावहारिक अध्ययन किसके सहयोग से किया गया?
(A) इटली (B) ग्रीस (C) इजराइल (D) साइप्रस (C)

86. गौवंश पशुओं में नागोरी नस्ल का मुख्यत: किसलिए उपयोग किया जाता है?
(A) दुधारु नस्ल (B) प्रारूप नस्ल
(C) दोहरा प्रयोजन नस्ल (D) सभी प्रयोजन नस्ल (B)

87. सूखा से लड़ने और जल प्रबंधन को सुधारने के लिए, सरकार माही, चंबल, लूनी, सूकड़ी और पश्चिम बनास घाटी के अतिरिक्त जल का उपयोग करना चाहती है। किस कार्य प्रणाली का अनुकरण किया जाएगा?
(A) पारणस्थान कड़ी (B) चार पानी अवधारणा
(C) राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्गठन (D) सहायक नदियों का नवीकरण (B)

88. निम्न विकल्पों में सर्वाधिक जल संरक्षण की क्षमता किस बाँध में है?
(A) बीसलपुर बाँध (B) जवाई बाँध
(C) माही बजाज सागर बाँध (D) राणा प्रताप सागर बाँध (D)

89. राजस्थान का नाभिकीय बिजली संयंत्र कहाँ स्थित है?
(A) निम्बाहेड़ा (B) रावतभाटा
(C) भटेवर (D) सूरतगढ़ (B)

90. राजस्थान में कितने व्यावसायिक हवाई अड्डे हैं?
(A) 6 (B) 5 (C) 4 (D) 3 (A)

91. कच्चे तेल का सर्वाधिक उत्पादन कौन से क्षेत्र में होता है?
(A) मंगला (B) भाग्यम (C) कामेश्वरी (D) बाघवाला (A)

92. प्रसिद्ध कोटा पत्थर किस प्रकार की सामग्री है?
(A) ग्रेनाइट (B) संगमरमर (C) चूना पत्थर (D) भूसी (C)

93. **'मोती भारत'** किस जिले की पारम्परिक कढ़ाई का नाम है?
(A) पाली (B) सीकर (C) बूंदी (D) जालौर (D)

94. लक्जरी ट्रेन "पैलेस ऑन व्हील्स" राजस्थान के महत्त्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यस्थलों तक ले जाती है। सम्पूर्ण यात्रा पूरी करने में कितने दिन लग जाते हैं?
(A) 6 दिन (B) 7 दिन (C) 8 दिन (D) 9 दिन (B)
**व्याख्या**-पैलेस ऑन व्हील्स का एक चक्कर 7 दिन में पूरा हो जाता है।

95. भारत की सबसे बड़ी खारी झील साम्भर साल्ट लेक को कितनी नदियाँ पोषित करती हैं?
(A) 5 (B) 4 (C) 3 (D) 2 (A)
**व्याख्या**- ये नदियाँ हैं- मेंथा, सामोद, मेढ़ा, रूपनगढ़ एवं खारी।

96. खारा बनने के पहले किस स्थान तक लूनी नदी के जल का स्वाद मीठा रहता है?
(A) बिलाड़ा (B) लूनी (C) बालोतरा (D) सिणधरी (C)
**व्याख्या**- बालोतरा के बाद लूणी नदी काजल खारा हो जाता है।

97. मारवाड़ क्षेत्र का किस नस्ल का घोड़ा दुर्लभ जाति का है?
(A) कतगनी (B) गिदरण (C) मालानी (D) अनमोल (C)

98. 2018 के शीतकाल में वायु गुणवत्ता सूचकांक में राजस्थान के किस शहर का स्थान सबसे निम्न था?
(A) जयपुर (B) जोधपुर (C) कोटा (D) बीकानेर (B)

99. राजस्थान के किस ऊष्मीय (Thermal) विद्युत संयंत्र ने बिजली मंत्रालय, भारत सरकार से मेधावी (सर्वोच्च) उत्पादकता पुरस्कार 1992-93 से प्रत्येक वर्ष प्राप्त किया है?
(A) सूरतगढ़ थर्मल पावर स्टेशन
(B) कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन
(C) गिरल लिग्नाइट थर्मल पावर प्रोजेक्ट
(D) छबड़ा थर्मल पावर प्रोजेक्ट (B)

100. अरावली पर्वत श्रेणी जो माउण्ट आबू के पास स्थित है, उसके उच्चतम शिखर गुरु शिखर की ऊँचाई कितनी है?
(A) 3800-3900 फीट (B) 4600-4700 फीट
(C) 5600-5700 फीट (D) 6300-6400 फीट (C)
**व्याख्या**- इसकी ऊँचाई 1722 मी. या 5740 फीट है।

## भाग-स ( शिक्षण अभिक्षमता-Teaching Aptitude)

**निर्देश: BSTC (Pre. D.El.Ed.) पेपर के शिक्षण अभिक्षमता भाग में सिर्फ एक ही उत्तर सही नहीं होता है। इस भाग में उत्तरों का वरीयता क्रम है, अर्थात् जो उत्तर सबसे ज्यादा सही है, उसके 3 अंक, उससे कम सही के 2 अंक एवं सबसे कम सही के 1 अंक निर्धारित किए गए हैं। एकदम गलत उत्तर के 0 अंक निर्धारित हैं।**

101. यदि आप बच्चों की योग्यता को निखारना चाहते हैं, तब निम्नलिखित में से आप किसे अनुमोदित करेंगे?
(A) विषय में रुचि पैदा करना।
(B) अनुभव के ढाँचे को विकसित करना।
(C) इन्द्रियों को तेज करना।
(D) मानसिक क्षमताओं को प्रशिक्षित करना।

102. बच्चों को दण्डित करने का मुख्य उद्देश्य है-
(A) अपना प्रभुत्व स्थापित करना।
(B) दूसरों को इस कार्य को करने से रोकना।
(C) दोषी छात्र को सुधारना।
(D) जो गलती हुई है उसका प्रतिकार करना।

103. छात्रों को शिक्षित करने के लिए शिक्षक की जो प्रमुख भूमिका है उसे इस तरह समझा जा सकता है-
(A) छात्रों के समक्ष एक अच्छा उदाहरण रखा जाए जिसका वे अनुकरण करें।
(B) प्रभावी शिक्षण पद्धति द्वारा विकसित करने में छात्रों की सहायता की जाए।
(C) कक्षा प्रबन्धन तकनीक पर शिक्षक को सूचना प्रदान करना।
(D) कक्षा में छात्र के, उचित स्थानन (बैठने की) व्यवस्था को सुगम बनाना।

104. जो छात्र कक्षा में प्रश्न पूछते हैं, उन्हें-
(A) कक्षा में प्रश्न करते रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
(B) कक्षा चर्चा में भागीदारी के लिए प्रेरित करना चाहिए।
(C) स्वयं से स्वतंत्र रूप से उत्तर ढूँढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
(D) छात्रों को कहा जाना चाहिए कि वे शिक्षक से कक्षा के बाहर मिलें।

105. पढ़ाते समय शिक्षक द्वारा उदाहरण देने का कारण है-
(A) पाठ को लम्बे समय तक खींचा जा सके।
(B) छात्रों का ध्यान आकर्षित करने के लिए।
(C) पाठ की व्याख्या करना।
(D) पाठ को रुचिकर बनाने के लिए।

106. आपके अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है-
(A) व्यक्तित्व और चरित्र-निर्माण करना। (B) अच्छे नागरिक तैयार करना।
(C) ज्ञान प्रदान करना। (D) समाज-सुधार करना।

107. तकनीक के विकास के साथ भविष्य में शिक्षक की भूमिका होगी-
(A) पढ़ाते समय इंटरनेट का प्रयोग करना।
(B) अच्छी पाठ्यपुस्तक को विकसित करना।
(C) छात्रों का मार्गदर्शन करना।
(D) सूचना प्रदान करना।

108. सतत और व्यापक मूल्यांकन (CCE) संकेत करता है, विद्यालय आधारित मूल्यांकन, जो-
(A) बच्चों से संबंधित विद्यालयी गतिविधियों के सभी पहलुओं को सम्मिलित करता है।
(B) छात्रों के केवल शैक्षिक पहलू को सम्मिलित करता है।
(C) छात्रों के व्यक्तिगत विकास को सम्मिलित करता है।
(D) छात्रों की सामाजिक अनुकूलन क्षमता को सम्मिलित करता है।

109. जब एक शिक्षक अपने / अपनी विद्यार्थियों से संवाद करे तब .................. महत्त्वपूर्ण है-
(A) उदासीनता (B) सहानुभूति
(C) घृणा (D) समानुभूति

110. कक्षा में संवाद होना चाहिए .............
(A) पाठ्य-पुस्तक केन्द्रित (B) छात्र केन्द्रित
(C) सर्वसाधारण केन्द्रित (D) शिक्षक केन्द्रित

111. 'जीवन कौशल लोगों का ......... और ......... व्यवहार को विकसित करने में सहायक होता है।'
(A) अनुकूलनीय और समायोजित (B) भावुक और स्थिर
(C) अनुकूलनीय और सामाजिक (D) अनुकूलनीय और सकारात्मक

112. सुआयोजित प्रश्नोत्तरी आपके छात्रों को .........।
(A) उत्साहित करती है।
(B) उन विषयों की ओर ध्यान दिलाती है जिनसे उन्हें लाभ हो।
(C) कुछ आनन्द प्राप्त कराती है।
(D) विषय और कौशल पर ज्ञान बढ़ाने पर प्रकाश डालती है।

113. सतत और संचयी मूल्यांकन का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है-
(A) विद्यालय छोड़ने वालों की दर को कम करना।
(B) शिक्षा ग्रहण करने पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना।
(C) तनाव और चिंता को कम करना।
(D) छात्रों को विद्यालय आने के लिए आकर्षित करना।

114. विद्यार्थियों में आरम्भिक अवस्था से ही सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने के लिए उन्हें सिखाना होगा कि वे-
(A) पौधों और पालतू पशुओं की देखभाल करें।
(B) बुजुर्गों के प्रति दया भाव रखें।
(C) अपने आस-पास में स्वच्छता बनाएँ रखें।
(D) गमले में लगे पौधों की देखभाल करें।

115. सामाजिक संवेदनशील मुद्दों पर बोलते समय शिक्षकों को ......... और .......... होना चाहिए।
(A) आत्मविश्वासी और विश्वासप्रद (B) आत्मविश्वासी और मिलनसार
(C) आत्मविश्वासी और सक्षम (D) सक्षम और शर्मिला

116. यदि किसी कक्षा में छात्र मादक-द्रव्य का सेवन करते पाए जाते हैं, तब शिक्षक को क्या करना चाहिए?
(A) पुलिस को सूचित करना (B) प्रधानाध्यापक को सूचित करना
(C) उन्हें उचित परामर्श देना चाहिए (D) उन्हें दण्डित करना चाहिए

117. छात्रों की अभिवृत्ति के मूल्यांकन की सबसे प्रचलित पद्धति है-
(A) स्व-प्रगति सूची या अभिवृत्ति का पैमाना
(B) सर्वेक्षण साक्षात्कार
(C) जीवनी संबंधी और निबन्धात्मक पद्धति
(D) परोक्ष अवलोकन

118. शिक्षक-अभिभावक सभा में आप कैसे व्यवहार करेंगे?
(A) अभिभावकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संक्षित उत्तर देंगे।
(B) बच्चे की योग्यता और कमजोरी पर विचार-विमर्श करेंगे।
(C) उन्हें दूसरे विषयों से परिचित कराएँगे।
(D) अभिभावकों से बातचीत करने से बचने का प्रयास करेंगे।

119. शिक्षक के किन लक्षणों के कारण बच्चे उन्हें पसंद नहीं करते हैं?
(A) विषय वस्तु को अनदेखा करना।
(B) अनौचित्य और पक्षपातवाद
(C) बच्चों से अवांछित भाग
(D) चिड़चिड़ा और बुरा व्यवहार

120. वे शिक्षक जो कक्षा में पढ़ाने के लिए उत्सुक रहते हैं-
(A) छात्र के ध्यान को कायम रखने के लिए साधारण रूप से नाट्य-कला का सहारा लेते हैं।
(B) सीखने-सिखाने की पद्धति में छात्रों को सम्मिलित करते हैं।
(C) विषयों में अक्सर दक्षता में कमी दर्शाते हैं।
(D) उपर्युक्त सभी

121. विद्यालयों में परिवेश शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि-
(A) यह वातावरण के प्रदूषण को प्रभावित करेगी।
(B) यह जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग है।
(C) यह शिक्षकों को नौकरी प्रदान करेगी।
(D) हम लोग वातावरण से पलायन नहीं कर सकते।

122. प्रारम्भिक स्तर पर महिलाएँ बेहतर शिक्षिका होती हैं क्योंकि-
(A) वे बच्चों के साथ धैर्यपूर्वक व्यवहार करती है।
(B) वे कम वेतन लेकर काम करने को तैयार रहती हैं।
(C) इस पेशे में उच्च शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है।
(D) उन्हें अन्य पेशों में काम करने के अवसर कम मिलते हैं।

123. विद्यार्थियों को गृह कार्य देने का लाभ है ताकि वे-
(A) घर पर व्यस्त रहें।
(B) घर पर पढ़ें।
(C) अपनी प्रगति पर ध्यान दें।
(D) स्वाध्याय की आदत का विकास करें।

124. आप कक्षा में अधिक छात्रों का भाग लेना सुनिश्चित करना चाहते हैं। निम्नलिखित में कौन से शिक्षण तरीके को आप अपनाएँगे-
(A) प्रदर्शन (B) चर्चा
(C) प्रवचन (D) भूमिका-खेल

125. बालक के सामाजिक विकास की तीव्र गति होती है-
(A) एकल परिवार में (B) संयुक्त परिवार में
(C) दोनों में (D) किसी में नहीं

126. शिक्षक दिवस के अवसर पर कुछ विद्यार्थियों ने आपको शुभकामना कार्ड भेजे हैं। ऐसे में आप क्या करेंगे? क्या आप-
(A) कुछ भी नहीं करेंगे।
(B) उन्हें धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।
(C) उन्हें पैसे बरबाद करने से मना करेंगे।
(D) उन्हें परस्पर शुभकामनाएँ आदान-प्रदान करेंगे।

127. यदि छात्र आपकी बात नहीं समझ पा रहे है तो-
(A) उन्हें उनके हाल पर छोड़ देना चाहिए।
(B) आप छात्रों पर दोषारोपण करेंगे।
(C) अन्य विधि से समझाने का प्रयास करेंगे।
(D) उन्हें उदाहरणों द्वारा सरल व सुगम्य शिक्षण देने का प्रयास करेंगे।

128. सम्प्रेषण है-
(A) कला (B) भाषायी आदान-प्रदान
(C) शैक्षिक योग्यता (D) कला एवं विज्ञान

129. एक शिक्षक की अपने व्यवसाय में सफलता का मूलमंत्र है-
(A) उसे आर्थिक रूप से सम्पन्न होना चाहिये।
(B) विषय वस्तु का ज्ञान होना चाहिये।
(C) उसके स्वभाव में मधुरता होनी चाहिये।
(D) उसमें अभिव्यक्त करने की क्षमता होनी चाहिये।

130. 'अनुशासन' को मनोवैज्ञानिक मानते हैं-
(A) दण्ड मिलने पर ही सही कार्य करना।
(B) नियमों का पालन करना।
(C) स्वत: ही नियमों का पालन करना।
(D) सही ढंग से रहना।

131. यदि आपके कुछ छात्र परिसर में आपके साथ दुर्व्यवहार करते हैं तो-
(A) इन छात्रों के विरुद्ध अन्य अध्यापकों की सहायता से अभियान चलाना चाहिये।
(B) अपने स्वयं के चरित्र तथा ज्ञान कुण्ड के माध्यम से उनके व्यवहार में सुधार लाना चाहिये।
(C) प्रधानाचार्य को सूचित करना चाहिये।
(D) घटना पर ध्यान नहीं देना चाहिये।

132. एक शिक्षक के नाते आप सामाजिक कुरीतियों को कैसे दूर कर सकते हैं?
(A) जन चेतना जागृत करने का प्रयास करेंगे।
(B) समाज सुधार का संकल्प करेंगे।
(C) पोस्टर द्वारा प्रचार करेंगे।
(D) यह सोचकर कि सामाजिक कुरीतियाँ कभी दूर नहीं हो सकती, अत: बनी रहने देंगे।

133. विद्यार्थियों को विषय का चयन करना चाहिए-
(A) विषय की उपयोगिता के आधार पर
(B) अभिभावकों की इच्छानुसार
(C) शिक्षक के दिशा निर्देश के अनुसार
(D) उनकी क्षमता व रुचि के अनुसार

134. आप शिक्षण कौशल की प्रगति के लिए सर्वोच्च महत्व प्रदान करेंगे-
(A) उच्च गुणवत्ता का कक्षीय शिक्षण कार्य
(B) अधिकाधिक ट्यूशन कार्य
(C) उत्तम पुस्तकों का लेखन
(D) शिक्षण कार्य में पलायन

135. शिक्षकों के प्रशिक्षण से-
(A) उनका विषय ज्ञान बढ़ता है। (B) उन्हें नियुक्ति प्राप्त होती है।
(C) उनका शिक्षण ढंग सुधरता है। (D) उनकी नेतृत्व क्षमता बढ़ती है।

136. किसी पेशे में सफल होने के लिए व्यक्ति को आवश्यकता होती है-
(A) प्रेरणा, निष्कपटता एवं धैर्यशीलता (B) धन
(C) स्तर (D) शैली

137. सामाजिक रूप से परिपक्व व्यक्ति का श्रेष्ठ लक्षण है-
(A) क्रोधपूर्ण व्यवहार (B) संयमपूर्ण व्यवहार
(C) संवेगात्मक रूप से अस्थिर व्यवहार (D) तटस्थ व्यवहार

138. वर्तमान शिक्षा का आधारभूत उद्देश्य-
(A) परमार्थ एवं मोक्ष की प्राप्ति (B) व्यावसायिक कौशलों की प्राप्ति
(C) जागृति उत्पन्न करने का साधन (D) व्यक्तित्व निर्माण का साधन

139. समाज में व्याप्त बुराइयों का अध्ययन करने का उपयुक्त साधन है-
(A) छात्रों से सम्पर्क (B) अभिभावकों से सम्पर्क
(C) सामाजिक सर्वेक्षण (D) पुस्तक अध्ययन

140. आपका अध्यापक बनने के पीछे प्रमुख मकसद है-
(A) ट्यूशन द्वारा अधिक धन प्राप्त करना
(B) जीविकोपार्जन हेतु
(C) समाज में अच्छे नागरिक तैयार करना
(D) शिक्षण व्यवसाय से जुड़े रहना

141. यदि कोई बालक कक्षा से नित्य भाग जाता है तो आप क्या करेंगे-
(A) उसे विद्यालय से निकाल देंगे।
(B) उस पर 100 रु. का दण्ड लगायेंगे।
(C) कारण जानने का प्रयास करेंगे।
(D) उसके पिता को बुलाकर सही स्थिति की जानकारी करेंगे।

142. छात्रों को पढ़ाए गए कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्यों एवं अवधारणाओं की ............ और ..... के औपचारिक मूल्यांकन के लिए मौखिक परीक्षा ली जाती है।
(A) ज्ञान और कौशल (B) समझ और ज्ञान
(C) ज्ञान और अवधारणा (D) सामाजिक कौशल और प्रयोग

143. आप कक्षा के मॉनीटर किस छात्र को बनाना चाहेंगे-
(A) होशियार व बुद्धिमान को (B) होशियार व हृष्ट पुष्ट को
(C) प्रधानाध्यापक के पुत्र को (D) सर्वाधिक उदण्डी को

144. नेता के लिए किस विषय का ज्ञान सर्वाधिक आवश्यक होता है-
(A) मनोविज्ञान (B) सम्मोहन शक्ति
(C) राजनीति (D) प्रभावी व्यक्तित्व

145. शिक्षक के किस गुण की छात्र सर्वाधिक प्रशंसा करते हैं-
(A) शारीरिक सौन्दर्य (B) मित्रतापूर्ण व्यवहार
(C) प्रभावी शिक्षण (D) इनमें से कोई नहीं

146. नेतृत्व केवल वही दे सकता है जिसमें-
(A) उच्च आदर्श हो (B) प्रतिष्ठा हो
(C) सामान्य व्यक्ति जैसा हो (D) क्रूरता हो

147. आपके विद्यालय के अधिसंख्यक शिक्षक आपको विद्यालय का शिक्षक सचिव बनाना चाहते हैं। आपको अपने पर अधिक विश्वास नहीं है। आप इस प्रस्ताव पर क्या प्रतिक्रिया देंगे?
(A) उन्हें रुखाई से बोलेंगे कि आप इसे स्वीकार नहीं करेंगे।
(B) उन्हें बता दें इस काम के लिए आप योग्य व्यक्ति नहीं हैं।
(C) चुनौती स्वीकार कर सभी मामलों में उनके सहयोग की कामना करेंगे।
(D) अपने स्थान पर किसी अन्य शिक्षक का नाम सुझाएँगे।

148. छात्रों को अध्ययन की ओर ले जाने के लिए शिक्षक का कर्तव्य है कि वह-
(A) उन्हें पुरस्कृत करे (B) प्रशंसा करे
(C) दण्डित करे (D) प्रेरित करे

149. यदि शिक्षक छात्र के प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ हो तो उसे चाहिए कि वह-
(A) कहे प्रश्न ही गलत है।
(B) जानकारी प्राप्त करके बताया जायेगा।
(C) कक्षा से ही उत्तर निकलवाने का प्रयास करें।
(D) छात्र को गृहकार्य के लिए दे देंगे।

150. शिक्षक हेतु अत्यन्त उपयोगी है-
(A) छात्रों से विचार विमर्श (B) प्रधानाध्यापक से नियम पूछे
(C) सभी शिक्षकों से बातचीत (D) कैन्टीन में चाय पीना

## Part D (Linguistic Proficiency : English)

**Questions 151 to 152: Read the passage carefully and answer the following questions.**

Many of us believe that 'small' means 'insignificant'. We believe that small actions and choices do not have much impact on our lives. We think that it is only the big things, the big actions and the big decisions that really count. But when you look at the lives of all great people, we will see that they build their character through small decisions, small choices and small actions that they performed every day. They transformed their lives through a step-by-step of day-by-day approach. They nurtured and nourished their good habits and chipped away at their bad habits, one step at a time. It was their small day-to-day decisions that added up to make a tremendous difference in the long run. Indeed, in matters of personal growth and character building, there is no such thing as an overnight success.

151. The main idea in the passage is that
(1) Big things, big actions and big decisions make a person great.
(2) Small actions and decisions are important in one's life.
(3) Overnight success is possible for all of us.
(4) Personal changes are not important. (2)

152. What does the writer mean by saying 'Chipped away at their bad habits'?
(1) Steadily gave up bad habits
(2) Slowly produced bad habits
(3) Gradually criticised bad habits
(4) Do not like bad habits (1)

153. Choose the type of the following sentence.
'May you be happy'.
(1) Exclamatory sentence (2) Optative sentence
(3) Negative sentence (4) Imperative sentence (2)

154. Choose the correctly spelt word from the given options that means "a formal assurance that certain conditions will be fulfilled".
(1) Gurrantee (2) Guarantee
(3) Gurranty (4) Guaranty (2)

155. Fill in the blank with appropriate connectives from the given options:
Helen had a smile on her face _______ she felt sad really.
(1) because (2) however
(3) otherwise (4) whereas (4)

156. Choose the correct sentence.
(1) How wonderful the scene is!
(2) How wonderful is the scene!
(3) How wonderful scene is this!
(4) How wonderful a scene! (1)

157. The word opposite in meaning to 'embolden' is
(1) Frighten (2) Loosen
(3) Drunken (4) Tighten (1)

158. Choose the one word substitution for the given expression
One who is not sure about God's existence.
(1) Arsonist (2) Atheist
(3) Agnostic (4) Apostate (3)

159. Choose the word from the given options which is nearest in meaning to the word 'moron'.
(1) Mortal (2) Mourn
(3) Dullard (4) Coward (3)

160. Choose the word from the given option which is opposite in meaning to the word 'Manifested'.
(1) Displayed (2) Revealed
(3) Marked (4) Concealed (4)

161. Fill in the blank with appropriate article.
We received _______ SOS from the mountaineer's team.
(1) a (2) an (3) the (4) no article (2)

162. Choose the erroneous part of the given sentence.
Despite of continuing pain (1)/ she worked at her (2)/ temporary summer job (3)/ most of the week (4). (1)

163. Choose the erroneous part of the given sentence.
The college library is (1)/ not only equipped with (2)/ very good books, but (3)/ also with the latest journals (4). (2)

164. Fill in the blank with proper tense or correct form of the verb.
When I visited him in Mumbai, he ______ there for five years.
(1) teaches (2) is teaching
(3) has been teaching (4) had been teaching (4)

165. Which of the following sentence is grammatically correct?
(1) I have gone to Delhi yesterday.
(2) I has gone to Delhi yesterday.
(3) I went to Delhi yesterday.
(4) I have went to Delhi yesterday. (3)

166. Fill in the blank with appropriate preposition.
This is in conformity ______ the rules laid down by the Corporation.
(1) for (2) against
(3) about (4) with (4)

167. Choose the word which is spelt incorrectly:
(1) PRONOUNCIATION (2) WARRANT
(3) RELENTLESS (4) DECENT (1)

**व्याख्या- सही Spelling है - Pronunciation**

168. Change the Direct narration to Indirect narration.
The teacher said to the boy, "Have you done your home work?"
(1) The teacher asked the boy if he had done his home work.
(2) The teacher told the boy if he had done his home work.
(3) The teacher inquired the boy if he had done his home work.
(4) The teacher asked the boy if he have done his home work. (1)

169. Fill in the blank with appropriate word.
'It was ______ cold outside when we got up from bed in the morning'.
(1) tottering (2) terrible
(3) trembling (4) biting (4)

170. Fill in the blank with proper tense or correct form of the verb.
The advancements in medical science ______ to be a boon for all of us.
(1) have proved (2) has proven
(3) had proven (4) has been proved (1)

171. 'खेत रहना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) बेफिक्र होना (B) खूब याद रखना
(C) लापता होना (D) वीरगति पाना (D)

172. 'अधजल गगरी छलकत जाए' कहावत का अर्थ है-
(A) अधिक क्रोध करना (B) डींग हाँकना
(C) पुरानी प्रथा पर ही चलना (D) स्तब्ध होना (B)

173. अलि-अली शब्द युग्म का अर्थ है-
(A) भौंरा-सखी (B) सखी-भौंरा
(C) शत्रु-सखी (D) सखी-शत्रु (A)

174. इनमें से कौन से शब्द की वर्तनी शुद्ध है-
(A) पर्णकूटी (B) परणकुटी
(C) पर्नकुटी (D) पर्णकुटी (D)

175. 'उसने अपने मित्र का पुस्तकालय खरीदा' को मिश्र वाक्य में परिवर्तित करने पर उचित विकल्प होगा-
(A) उसने अपने मित्र का पुस्तकालय खरीद ही लिया।
(B) अपने मित्र का पुस्तकालय उसने खरीदा।
(C) उसने उस पुस्तकालय को खरीदा जो उसके मित्र का था।
(D) वह उसका मित्र है और उसने उसका पुस्तकालय खरीदा। (C)

176. 'पानी न बरसता तो धान सूख जाता'- यह किस तरह का वाक्य है-
(A) विधिवाचक वाक्य (B) संदेहवाचक वाक्य
(C) इच्छावाचक वाक्य (D) संकेतवाचक वाक्य (D)

177. मनुष्य के विचारों को पूर्णता से प्रकट करने वाले पद समूह को कहते हैं-
(A) पदबंध (B) वाक्य (C) उपवाक्य (D) उपपदबंध (B)

178. 'एक स्थान से दूसरे स्थान को हटाया हुआ' का अर्थ है-
(A) स्थानापन्न (B) स्थानांतरित
(C) परिनिष्क्रमण (D) परिसीलन (A)

179. 'अत्यूष्म' का संधि-विच्छेद होगा-
(A) अति + उष्म (B) अत्य + उष्म
(C) अति + ऊष्म (D) अत्य + ऊष्म (C)

180. 'सन्मार्ग' शब्द में समास का कौन-सा भेद है?
(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि (B)

181. 'हीनता, अनादर और पतन' को दर्शाने वाला उपसर्ग है-
(A) अनु (B) अधि (C) अव (D) नि (C)

182. 'अशक्त-असक्त' शब्द युग्म का अर्थ है-
(A) विरक्त-क्षमाशील (B) असमर्थ-अनुरक्त
(C) अनुरक्त-विरक्त (D) असमर्थ-विरक्त (D)

183. 'बैल न कूदे कूदे तंगी' कहावत का अर्थ है-
(A) स्वामी के बल पर नौकर का साहस (B) निरादर करना
(C) धुन सवार होना (D) ध्यान न देना (A)

184. 'बाँछें खिलना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) कलंक लगना (B) प्रभाव जमना
(C) अत्यंत प्रसन्न होना (D) परिवर्तन होना (C)

185. 'कौंतेय' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है-
(A) कौंत-एय (B) कुंती-एय
(C) कुंती-ऐय (D) कंत-ऐय (B)

186. इनमें से 'सुंदर' शब्द का पर्यायवाची कौन सा नहीं है-
(A) रुचिर (B) चारु (C) ललित (D) विशिख (D)

187. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं-
(A) मित्रता, माधुर्यता (B) प्रमाणिक, त्रिवार्षिक
(C) सदृश्य, संतुष्ठ (D) लब्धप्रतिष्ठ, व्यवहृत (D)

188. जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे कहते हैं-
(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य (D) विधिवाचक वाक्य (C)

189. 'उन्मुख' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है-
(A) सम्मुख (B) सन्मुख (C) विमुख (D) विनीत (C)

190. दिये गये विकल्पों में से कौन सा एक 'घोड़ा' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
(A) तुरंग (B) घोटक (C) हय (D) मतंग (D)

191. 'जो आँखों के सामने हो' वाक्यांश हेतु उचित शब्द है-
(A) पाक्षिक (B) परोक्ष (C) प्रत्यक्ष (D) पाश्चात्य (C)

192. दिये गये वाक्यों में से शुद्ध वाक्य को छाँटिए-
(A) मीरा भक्त कवि थी। (B) मैंने आज खाना नहीं खाऊँगा।
(C) कलम सीमा ने रहीम को दी। (D) मैं आजकल घूमने जाता हूँ। (D)

193. निम्न में से अशुद्ध वाक्य को पहचानें-
(A) ठंडा बर्फ लाओ
(B) 'राम चरित मानस' के रचयिता तुलसीदास हैं
(C) मुझे जयपुर जाना है
(D) माँ दूध जमा रही है (A)

194. इनमें से कौन-सा द्विगु समास का उदाहरण नहीं है-
(A) चतुर्भुज (B) नवरत्न (C) त्रिलोचन (D) दशानन (*)
**व्याख्या**- द्विगु समास के पद का प्रारंभिक शब्द संख्यावाचक होता है। अत: उत्तर विकल्पों में से सभी चारों द्विगु समास के उदाहरण हैं। चारों सही हैं। दशानन रावण के लिए भी प्रयुक्त होता है। अत: यह बहुव्रीहि समास का भी उदाहरण है।

195. 'प्रतिक्षण' शब्द में कौन-सा समास है-
(A) द्विगु (B) कर्मधारय (C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व (C)

196. 'अप' उपसर्ग से निर्मित शब्द है-
(A) अपिधान (B) अपकीर्ति (C) अपितु (D) 1 और 2 दोनों (B)

197. निषेधात्मक वाक्य का उदाहरण है-
(A) आप कहाँ जा रहे हैं? (B) सड़क पर मत भागो।
(C) राम खेल रहा है। (D) ईश्वर सबका भला करे। (B)

198. जिस वाक्य में एक उद्देश्य व एक विधेय होता है वह वाक्य कहलाता है-
(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य
(C) आश्रित वाक्य (D) संयुक्त वाक्य (A)

199. 'अकल के घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) मूर्ख होना (B) चलते चलते थक जाना
(C) केवल कल्पनाएँ करना (D) बहुत प्रयास करना (C)

200. 'काम बिगड़ने पर पछताने से कोई लाभ नहीं' को दर्शाने वाली लोकोक्ति है-
(A) अंधेर नगरी चौपट राजा
(B) आंख का अंधा नाम नयन-सुख
(C) अब पछताय होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत
(D) कोयले की दलाली में हाथ काला (C)

## भाग-द ( भाषा योग्यता : संस्कृत )

171. 'रवि + ईशः' इत्यत्र कः सन्धिः?
(A) यणसन्धिः (B) वृद्धिसन्धिः
(C) सवर्णदीर्घसन्धिः (D) गुणसन्धिः (C)

172. सम्प्रदानकारके का विभक्तिः भवति?
(A) सप्तमी (B) पञ्चमी (C) चतुर्थी (D) द्वितीया (C)

173. 'शान्तः' अत्र आदेशः अस्ति-
(A) अनुनासिकः (B) अनुस्वारः (C) परसवर्णः (D) पूर्वसवर्णः (C)

174. वाक्ये प्रयुक्तं भवति-
(A) पदम् (B) पदांशः (C) शब्दः (D) धातुः (A)

175. किं कारकं न भवति-
(A) सम्बन्धः (B) कर्ता (C) कर्म (D) अपादानम् (A)

176. 'सीतायाः' इति पदे विभक्तिः अस्ति-
(A) पञ्चमी (B) चतुर्थी (C) द्वितीया (D) सप्तमी (A)

177. शुद्धं रूपं किम्?
(A) रमापु (B) रमासु (C) रामापु (D) रामेसु (B)

178. 'जलाभ्याम्' इति रूपं कस्यां विभक्तै न भवति-
(A) द्वितीयायाम् (B) तृतीयायाम्
(C) चतुर्थ्याम् (D) पञ्चम्याम् (A)

179. भूतकालिक-क्रियायाः कृते कः लकारः प्रयुज्यते?
(A) लट् (B) लोट् (C) लङ् (D) विधिलिङ् (C)

180. 'भवतम्' इति रूपं कुत्र भवति?
(A) प्रथमपुरूष-एकवचने (B) मध्यमपुरूष-द्विवचने
(C) उत्तमपुरूष-बहुवचने (D) मध्यमपुरूष-बहुवचने (D)

181. कः उपसर्ग न?
(A) अप (B) निस् (C) दुस् (D) अन् (D)

182. ........ उपसर्गसंज्ञकाः भवन्ति।
(A) भूवादयः (B) चादयः (C) प्रादयः (D) स्वादयः (C)

183. 'अनीयर्' प्रत्ययुक्तं पदम्-
(A) स्नातव्यः (B) स्नानीयः (C) स्नातः (D) स्नातकः (B)

184. 'योग्यम्' इत्यर्थे प्रत्ययो भवति-
(A) अनीयर् (B) ण्वुल् (C) तृच् (D) तरप् (A)

185. 'दत्तवन्तः' पदे कः प्रत्ययः?
(A) तमप् (B) तरप् (C) तव्यत् (D) क्तवतु (D)

186. प्रायेण उत्तरपदार्थप्रधानः .............. समासः।
(A) तत्पुरूषः (B) अव्ययीभावः (C) बहुब्रीहिः (D) द्वन्द्वः (A)

187. द्विगुसमासस्य उदाहरणम् अस्ति-
(A) सप्ताहः (B) पितरौ (C) यथाशक्ति (D) चक्रधरः (A)

188. वारि शब्दस्य द्वितीया द्विवचने कः रूपः?
(A) वारि (B) वारीणा (C) वारिणी (D) वारिणा (C)

189. जगत् शब्दस्य प्रथमा विभक्तो बहुवचने रूपमस्ति?
(A) जगत् (B) जगन्ति (C) जगती (D) जगतः (B)

190. 'ज्ञायते' पदे प्रयुक्त सन्धिः अस्ति-
(A) दीर्घः (B) अयादि (C) वृद्धिः (D) यण् (B)

191. 'तत्रैव' पदस्य सम्यग् सन्धि-विच्छेदः अस्ति-
(A) त + त्रैव (B) तत्रै + व (C) तत्र + एव (D) तत्र + व (C)

192. क्षत्रियः शब्दस्य स्त्रीलिंग भवति-
(A) क्षत्राः (B) क्षत्रिणी (C) क्षत्रियाः (D) क्षत्रियणी (C)

193. 'छात्र' षष्ठी विभक्तिः बहुवचनम्-
(A) छात्राणाम् (B) छात्रेषु (C) छात्राः (D) छात्राय (A)

194. तालुस्थाने के के वर्णाः निष्पद्यन्ते?
(A) इ, ई, च, छ (B) अ, आ, उ, ऊ
(C) ए, ऐ, आ (D) क, ख, ग, घ (A)

195. कण्ठ्य ध्वनिः नास्तिः
(A) अ (B) ख् (C) ह् (D) च् (D)

196. सूर्यः अस्तं गच्छति। सूर्यः इच्छति। उभौ वाक्यौ योजनाय उपयुक्त पदं किम्-
(A) इच्छति (B) गन्तुम् (C) गच्छति (D) गत्वा (B)

197. 'त्रि' शब्दस्य स्त्रीलिंगे षष्ठी विभक्तेः रूपम् अस्ति-
(A) त्रिसृणाम् (B) त्रयाणाम् (C) त्रिभ्यः (D) त्रीन् (A)

198. 'गृहम् अभितः उद्यानम्'- का विभक्तिः?
(A) तृतीया (B) पंचमी (C) द्वितीया (D) षष्ठी (C)

199. 'अहनि अहनि'- (एकपदीरूपम्)
(A) प्रतिदिनम् (B) प्रतिरात्रम्
(C) प्रत्यहम् (D) प्रतिपदम् (C)

200. 'नदी' शब्दस्य लिंग निर्णयं कुरु-
(A) पुल्लिंग (B) स्त्रीलिंग
(C) नपुंसकलिंग (D) उभलिंग (B)

## उत्तरमाला ( शिक्षण अभिक्षमता )

| | 3 | 2 | 1 | 0 | | 3 | 2 | 1 | 0 | | 3 | 2 | 1 | 0 | | 3 | 2 | 1 | 0 | | 3 | 2 | 1 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **101** | D | C | B | A | **111** | D | C | B | A | **121** | D | A | B | C | **131** | B | C | D | A | **141** | C | D | B | A |
| **102** | C | B | A | D | **112** | A | D | B | C | **122** | A | C | B | D | **132** | A | B | C | D | **142** | B | C | A | D |
| **103** | B | A | C | D | **113** | C | B | A | D | **123** | D | B | C | A | **133** | D | A | C | B | **143** | A | B | C | D |
| **104** | A | B | C | D | **114** | A | D | B | C | **124** | B | D | A | C | **134** | A | C | B | D | **144** | A | C | D | B |
| **105** | C | D | B | A | **115** | C | A | B | D | **125** | B | A | C | D | **135** | C | A | D | B | **145** | C | B | A | D |
| **106** | A | B | C | D | **116** | C | B | D | A | **126** | B | D | C | A | **136** | A | B | C | D | **146** | A | B | C | D |
| **107** | C | A | B | D | **117** | A | B | C | D | **127** | D | C | A | B | **137** | B | D | A | C | **147** | C | A | B | D |
| **108** | A | C | D | B | **118** | B | A | C | D | **128** | D | A | B | C | **138** | D | B | C | A | **148** | A | D | B | C |
| **109** | D | B | A | C | **119** | D | B | C | A | **129** | D | B | C | A | **139** | C | D | B | A | **149** | B | C | D | A |
| **110** | B | A | D | C | **120** | B | A | C | C | **130** | C | B | D | A | **140** | C | D | B | A | **150** | C | A | B | D |